1. Manisha Malla D/o Sh. J.L. Malla of S.M. Jain Higher Secondary School Jammu obtained first position in science faculty. Higher Secondary Part II of J&K Board, securing 92.33 percent marks.

2. Chintan Turki S/o Dr. M.K. Turki of Model Academy btained seventh position in science faculty in H.S. part II of J&K Board securing 90.89 opercent marks. Chintan had also obtained first position in 10th examination in 1995 with an all time record of 92% marks.

3. Anakalla obtained 3rd position in Higher Secondary Part II Examination.

4. Sunil Bhatt, Arun Bhatt S/o. Dr. T.K. Bhat of St. Peters H.S. School obtained 5th and 6th positions in 10th class of J & K Board Securing 421 and 420 marks respecting.

ROLL CALL OF HONOUR :_

Dr. Roshan Raina, Librarian at the Indian Institute of Management, Lucknow has been awarded the "ILA-Kaula Best Librarian Award 1996" by the Indian Library Association in recognition to his contributions to the profession.

Pt. Janki Nath Koul "Kamal", the renowned Sanskrit Scholar was honoured by the President of India at an investure ceremony on June 11, 1997. The award instituted by the Ministry of Human Resource Development was given to him for his contribution in the field od Sanskrit.

Dr. Pushkar Nath Jotshi a scientist in the Regional Research Laboratory, Jammu was conferred with Distinguished Leadership Award by the American Biographical institute for outstanding contibution to contemporary society.

KASHMIRI SAHAYAK SAMITI TRIKUTANAGAR ELECT NEW BODY :-

Third general elections of Kashmiri Sahayak Samiti Trikutanagar were held on June 1, 1997. Sh. P.N. Dhar (Ex. Deputy Secretary) discharged duties of the returning officer. Er. R.N. Kaw was elected as President defeating his nearest rival Sh. C.L. Raina (Retd. S.S.P.). Others who were elected are :-

1. Sh. S.N. Pandita	Vice President
2. Sh. J.L. Bhat	General Secretary
3. Sh. R.K. Koul	Treasurer
4. Dr. A.K. Chandra	Social Secrtary

About 85% members cast their votes. The elections were through secret ballot.

Our Readers Write

CREDITABILITY OF "PANCHANG"

Dr. Bal Ji Nath Pandit in the concluding lines his article entitled 'Shiv Ratri in Kashmir' appearing in Kashyap Samachar of March-February 1996 writes that things relating to religious traditions should neither be politicized nor used for commercial aims by the publishers of PANCHANG. He says that leaders of the community are being misguided by the publishers of PANCHANG and they should not encourage any confusion in the traditions of common people for purpose of developing so called unity.

Being an original resident of Ganpastayar. Srinagar and belonging to family of those Sanskrit Scholars who were not only famous for their Scripture writings but were suppliers of our Vedic literature messages to Dr. Stein to Western countries. from the childhood I have witnessed constructive debates going on in connection with fixation of date for Shivratri Pradushn Puja in which eminent scholars namely late Shri Har Bhat Shastri, Nath Kak Kala Shastri, Gobind Bhat Shastri and Kesho Bhat Shastri etc. took part. It is some 50 years ago.

In the last quarter of this centuary i.e. from 1970 onwards large number of our young generation live abroad and in other parts of the country in connection with their service. All of them have been yearning for some sort of year to year Karamkand Puja Publications especially on Shivratri and on all other auspicious days. In this connection PANCHANG publishers played an important and remakable role in fulfiling the aspirations of all our community living in the country or outside by publishing all sorts of our religious ritual Pujas based on Vedic principles. Shivratri Puja has been made public in Vedic Cassettes also and demand of these publications and Vedic cassettes has been unprecedented. With the passage of time and due to non availablity of those works mentioned by Mr. Pandita in connection with Shivratri Puja and also paucity of religious puruhits there was no hope of solace for our community in solving the problem in this direction. Lord Krishnas sayings quoted by Mr. Pandita has actually solved problem to a great extent by appearing on the scene a great scholar namely Sh. Prem Nath Shastri who is a beacon light in "PANCHANG" pubications. The availablity of Shivratri Puja cassettes and echoing of that puja in every home throughout the world is enough proof of unity in diversity in our culture. The question of creating confusion in our traditions as alleged by Dr. Pandita does not arise in view of above facts. Credit goes to Panchang for simplifications of our day to day Karamkands puja performance-publications both in their books and in vedic cassettes.

K.N. Wangu
39-Bhagwati Nagar.
Jammu.

Mujh Se Chhin Li Gayee Meri Nadi *(A collection of poems in exile)*

— **Agnishekhar** *Shardapith Prakashan, New Delhi, 1996. Price Rs. 100/-*

The progressive movement in literature underwent a disillusionment by the break-up of Soviet Union and the concept of global socialist unity. The consciousness of the modern rapidly changing social and political norms did set in a demoralization in literary circles but inspite of that the movement did survive, though in a truncated form. What did not survive was Agnishekhar's faith in the socialistic values, because all votaries of socialism, including his fellow writers and poets, displayed an extreme insensitivity to his exodus and loss of home and hearth alongwith lakhs of other members of his community. His plaint that they branded his lamentation as a bundle of lies to suit their political stance is reflected in a series of poems. In sheer disgust he conceded that he was probably lying (Kavita main Jhoot) because the socialists, politicians and writers alike, claimed parrot-like, that a blatant communal and fundamentalist massacre had an economic justification. Can the so called progressives never come out of that syndrome ?

Inspite of his despair and anger, Agnishekhar has retained his puckish sense of humour and sarcasm. Here is a sample: *Ghar ke andar bhi khatra tha / Ghar ke bahar bhi tha jokhim / Unhoonne khaya taras /Hamari haalat par /Aur ek ek kar phoonk dale /Hamare ghar /Ab na andar khatra hai / Na bahar jokhim.* "Within the house there was danger and even without there was fear lurking. So they took pity on us and one by one burnt down our houses. Now the fear does not exist either within or without".

In a set of 69 poems, Agnishekhar touches a wide range of subjects, all related in one way or another to his loss of home. . His emotional sense of loss reaches a zenith when he would prefer to be abducted by the terrorists and subjected to extreme torture so that in the process he would be able to touch his homeland *(Tadap).* The loss of faith and human values can generate a peculiar tension with which it is difficult to come to terms *(Kashmiri musalman I and 2).* Is it possible to lose your identity and yet to retain your sanity *(Mujh se chhin li gayee meri nadi)* ? If the poet is angry he has every reason to be *(Kavi log).* And nostalgia ! well it is nostalgia all through *(Galiyan, Uun ke dastane, Aas, Camp mein chidiyan, Khuli khidki se baarish).*

Agnishekhar tries to find an element of repetition in history although only in a symbolic form *(Lalded ke naam I and 3).* The symbolism is suggestive of a perception not visualized by the average Kashmiri. The deep anguish is blended with a peculiar sensuousness, which pervades through all the poems. It is not a "spontaneous expression of powerful emotion recollected in tranquillity" but a powerful emotion blended in history.

Agnishekhar could be accused of being obsessed with his sadness and thereby oblivious of all that is going on around him. He seems to be conscious of it. Otherwise there is no reason to include an apology to Taslima Nasreen for not raising a voice in her support. But this appears to be another dig at his fellow writers and poets who, according to him, have compromised their pen to hypocrisy.

Agnishekhar as a poet has afforded an insight into the mind of a displaced refugee. The poems, though skewed, are replete with human sensibility, inspite of their extreme subjectivity. The poems may not inspire or titillate but they leave you aghast and compel you to participate in the travails and tribulations of a bitter human experience, and thereby fulfil a purpose. Thus, inspite of his revolt, Agnishekhar is still very much rooted in the progressive culture of a purpose in art.

—**S.K. Shah**

LONGING

I admired the most, that beautiful vale
A land encircled with mountains of various hues,
With cool air blowing over kept the minds of her wards clear.
For it was my birth place.

Vast lands of Pines, and Cedruses,
Over the mountains, where I liked
To take strolls within, asked me
To have firm faith in myself,
For it was my birth place.

With Vitasta and Sindhu flowing over.
Bring Liddar, close to the nature and
Make it a serene pasture,
That is the land, I liked the most,
For it was my birth place.

Sunny dew drops over the lotus fields
In the Dal Lake, would give me strength
To work fearlessly and that stretch
Of lake, I adored the most,
For it was my birth place.

Where beautiful floral spring, lush green summer,
Golden autumn and snow clad winter
Would bring peace all over.
That is the land, I loved the most,
For it was my birthplace.

Lalita Badam
NIV
Pune

SULAKSHANA–A blooming Classical



Sulakshana a graduate from the college of Music and Fine Arts Jammu specializes in vocal classical music. She had an inspiration towards this end from her mother—an ordinary house wife who failed to see her daughter at the Zenith of classical singing unparralled and matchless in its grandeur. It is a fact that her mother has been the sole inspiration but equally true is the moral and material support which the girl had from the members of her family especially her father a Govt. employee. It is again their relentless and unflinchung support which are currently opening new vistas in her musical career and no one knows what the promising future in the annals of music is holiday for her. Presently persuing her masters degree in music. She has also passed the test conducted by All India songs and drama division with distinction and is presently an approved radio and T.V. artist displaying a par excellent capability of singing in Hindi, Dogri, Punjabi and Kashmiri. Besides this she continues to participate in social and cultural function as an eminent stage artist. It shall not be here out of place to record that she participated in the Republic Day Function at Delhi—a rare Honour to our community.

Her Carrer in music shows that she is a born singer. With her music is a passion and her relentless efforts are adding new dimensions to the classical music and in view of her strong affinity and her inclination on the subject she will win laurels not only for her family and the state but for the community. Her urges and glorious contributions in the field of music make us to ponder over Shakesparian Version of music be food of love, Playon.

By :
Bushan Thaploo

पहला पन्ना

घर लौटने की एक और तैयारी

गूल-कांड और क्षीर भवानी बम कांड के बाद

इस वर्ष जिस दुख और पश्चात्ताप से ज्येष्ट अष्टमी की यात्रा और गूल–कांड को याद किया जाएगा, वह हमें क्या उसी चिंता से अपनी जिन्दगी के बारे में सोचने को पवृत्त करेगा ? क्या हम अभी भी आँखें बंद किए पड़े रहेंगे और स्वार्थों की पूर्ति करने वाले राजनीतिज्ञों के इशारों पर नाचते रहेंगे ? क्या हम दीवार पर लिखी इबारत को नहीं पढ़ेंगे ?

जो लोग क्षीरभवानी गए थे उन्हें भली भांति मालूम है कि बम इस गर्ज़ से फोड़े गए कि "जम्मू के पंडितों" को कश्मीर आने से रोका जाए। "कश्मीर के पंडितों" को वे अब कोई नुक्सान पहुँचाने के हक़ में नहीं। वे उनके "अपने" हैं। जम्मू के पंडित उनके दुश्मन हैं क्योंकि इन्होंने उन्हें "बदनाम किया" देश के अंदर और बाहर यह फैला दिया कि उन्हें घर से "निकाला गया" जबकि हक़ीक़त यह है कि वे खुद "अपनी मर्ज़ी से" घर छोड़ आए! कश्मीर में रह रहे पंडितों के भी अब दो वर्ग हो गए हैं। एक वह जो अपने अपने घरों में ही रह गए। (भले ही बूढ़े मां बाप ही रहे, जवान बच्चे बच्चियों को सुरक्षा तथा रोज़गार की दृष्टि से बाहर भेजा हो) इस प्रकार के पंडित "सच्चे कश्मीरी" हैं और वहां चल रहे अलगाववादी आंदोलन का न विरोध करते हैं (और न समर्थन) न कभी कहीं ज़िक्र ही। ऐसे पंडित सीमांत के हैं, सीमा पार के बड़बोले पंडितों से "बेहतर"। उन पर विश्वास किया जा सकता है।

भगवान जाने इस 'विश्वास' का अर्थ क्या है। संग्रामपुरा तो नहीं ?

दूसरे वर्ग के "सच्चे कश्मीरी" पंडितों में वे सरकारी मुलाज़िम हैं, जिनको छः महीने सुरक्षित होटलों में रखा जाता है, ताकि वे नौकरी पर जा सकें। पंडित यों भी, उधर वालों की नज़रों में एक नम्र शरीफ, अहानिकर, वफादार जीव हुआ करता था। सरकारी मुलाज़िम की सूरत में वह और झुका हुआ, और अहानिकर बन जाता है। इस वर्ग के पंडित दूसरे दर्जे के है।

पर यह "जम्मू का पंडित" कश्मीर में स्वागत नहीं पा सकता। उस का विरोध किए जाने के पीछे की मानसिकता यदि हम समझते हैं तो हमें अपनी सब से बड़ी समस्या–घर लौटने की समस्या का समाधान मिल सकता है।

क्षीर भवानी पहुंचे जम्मू के यात्रियों पर सप्तमी के दिन बम फैंके जाने का समाचार उड़ते–उड़ते यहां पहुंच ही गया। और अष्टमी के दिन जो दिन दहाड़े दोदरहामा में आक्रमण हुआ उसका लक्ष्य जम्मू का यात्री था। संयोग से बस रोज़ाना सर्विस की थी जिससे अन्य कुछ मुसलमान भी सफर कर रहे थे, जो घायल हुए। आतंकवादी को कुछ चूक हुई, वरना सात साल से सेक्रेटेरियट के कर्मचारी तुलमुला जाते रहे हैं, उन पर कभी वार नहीं हुआ।

तो ऐसे में क्या कहते हैं हमारे वे राजनीतिज्ञ जो सत्ता के साथ हैं और सत्ताधारी की योजनाओं को पूरा करने में सहायक हो रहे हैं ? और क्या कहते हैं हम, जो आठ साल तपन सहने के बाद अचानक गर्मी को बर्दाश्त के बाहर की, तथा अकल्पनीय कहने लगे हैं और घबरा कर घोषणा करने लगे हैं–इस गर्मी से संग्रामपुरा अच्छा।

जम्मू के पंडित न सिर्फ कश्मीर में सहन किए जाएंगे, बल्कि जम्मू के मुस्लिम क्षेत्रों में, जिन की गिनती, सरकार की नीति तथा जम्मू की जनता की लंबी नींद की मेहरबानी से बढ़ रही है, भी सहन नहीं। फिर कहां उन का स्वागत करेगा और कौन ? क्षीर भवानी की ये एक व्याख्या तो करते हैं, संग्रामपुरा और गूल गुलाबगढ़ का क्या कारण है ? क्या हम अभी भी उन के मन में पैठ कर समझने की कोशिश नहीं करेंगे ?

आओ दोज़ख़ की लपटों को आज़माएँ

–स्व. दीनानाथ 'नादिम'

अभी सांस लेते रहना है
वक्त कि कैसे भी गुज़ारना
भले छन्नियों टोकरियों में पानी भरना ।
बड़ा चाहिए कड़ा कलेजा
मुट्ठी में दिल काबू करना
कूट कुचल, चंचल पारे को बस में करना ।
झेले दाग़ आग के मैंने
अब क्या तुम से पौर बखानूँ ?
बर्फ माघ की, धू–धू धूप हार की, वरना ।

आओ रे हम दोज़ख की
इन लपटों को भी आज़माएँ
हीरे को पिघलाना है ज्यों विगलित करना ।
पीकर बहक जाए कोई भी
पिए बिना ही कोई सयाना
इस से बढ़कर, इस दुनिया में है क्या पाना ?
जाने कोई सुबह तक बचेगा भी
हम भी देखेंगे
अभी रात बाकी है, इंतजार भर करना ।
ओ रे 'नादिम' भोले प्राणी
ओ रे फूल बसन्ती
मोती चुनता हूँ मैं तू भी मोती चुनना ।

(अनु: र. ल. श.)

वर्षा में कांपते देवदारु

महाकवि कालिदास का प्रकृति वर्णन

कमला रत्नम

देवदारु हिमालयवासी (कश्मीरी तथा अन्य) के लिए अपरिचित नहीं । महाकवि कालिदास ने इनको जितनी निकटता से देखा है, किसी और कवि ने नहीं । तपते जम्मू मे वर्षा का आगमन कितना सुखद होता है । वर्षा के स्वागत के अवसर पर महाकवि के देवदारु–वर्णन पर एक गहरी नज़र डाली है जानी मानी लेखिका ने । हम भी इसी बहाने स्मरणांजलि प्रस्तुत करें कविकुल गुरु कालिदास को । –सं.

महाकवि का पुण्य स्मरण करते हुए आज उनकी ही परम्परा के वर्तमान कवि रवीन्द्रनाथ की याद आ रही है । एक बार गुरुदेव सुदूर उत्तर आसाम की पर्वत मालाओं में प्रवास कर रहे थे । सत्तर वर्ष की आयु हो गयी थी, और आयु के इस एकान्त में प्रकृति भी उनका साथ दे रही थी ! एकान्त के उन क्षणों में गुरुदेव अक्सर महाकवि को याद किया करते थे ; कालिदास को वे वाग्देवी के मन्दिर का प्राण, उसके शिखर का स्वर्णकलश मानते थे । एक दिन गुरुदेव आगन्तुकों के साथ बैठे साहित्य चर्चा कर रहे थे, उनके काव्य संग्रह 'पूरबी' का पाठ चल रहा था । हठात् 'तपोभंग' कविता पढ़ते समय कहने लगे, "चाहे जो कहो 'कुमारसंभव' के तृतीय सर्ग को छोड़, और कोई दूसरा साहित्य कहने के योग्य नहीं है । यही एक सर्ग अच्छा है, बहुत अच्छा है ।"

आसाम की पर्वत मालाएं भी पर्वत राज हिमालय का ही एक अंग है' जो पूर्व दिशा में फैला है यथा – "पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य" –परन्तु पर्वतराज के उस क्रोड़ में बैठे रवीन्द्र नाथ को केदार ख़ण्ड (गढ़वाल) के ही भव्य उत्तुंग हिमशिखरों की याद आती रही । उस सन्दर्भ में उन्होंने शिव की तपःस्थली का स्मरण किया था और 'कुमारसंभव' के तृतीय सर्ग को कवि की श्रेष्ठ रचना बताया था । इसी सर्ग में शिवजी की कठोर अडिग तपस्या का प्रसंग है, जिसे भंग करने का जो भी दुस्साहस करे वह पल बीतने से पूर्व ही भस्म हो जाए । यहीं है असीम दृढ़ता का अलौकिक सौन्दर्य के समक्ष विगलित आत्म समर्पण, प्रज्वलित शक्ति और अपूर्व लालित्य का अद्भुत सामञ्जस्य, कठोरता और कोमलता का सह–अस्तित्व जो केवल कालिदास–काव्य में ही पाया जाता है । यहीं कोमल कमल–कलिका 'न सुप्ता न प्रबुद्धा' होती है, यहीं पार्वती शिव के प्रकट होने पर पाँव उठाकर न चल ही पाती है, न ठहर ही पाती है । कालिदास काव्य के सूत्र पकड़ने के प्रयास में साधारण पाठकों की स्थिति भी 'न ययौ न तस्थौ' जैसी डाँवाडोल रहती है । तभी तो रससिद्ध कवि रवीन्द्रनाथ ने कालिदास–कविता के उपमान स्वयं कालिदास की कविता में ही ढूंढे । उदाहरण के लिए उन्होंने कवि के हिमालय–वर्णन की ओर इंगित किया–

भागीरथी निर्झर सीकराणा
वोढा मुहुः कम्पितदेवदारुः ।
यद्वायुरन्विसृगैः किरातै–
रासेव्यते भिन्नशिखण्डबर्हः ॥

कवि हमें अपने साथ हिमालय की स्वर्गोपम ऊंचाइयों पर ले जाता है–जहाँ कलकल करती, पत्थरों के ऊपर उछलती–नाचती भागीरथी बह रही है । नीचे जाकर अलख नन्दा और मन्दाकिनी के संयोग से अभी वह गंभीर मातृस्वरूपा गंगा नहीं बनी है, अभी वह निर्मल, स्वच्छ अल्हड़ बालिका भागीरथी ही है । वायु उसे शीतल हिमकण

लेकर बड़ी शक्ति और तीव्रता से बह रही है–मुझे कहना चाहिए असीम शक्तिशाली पवन बह रहा है–क्योंकि संस्कृत में वायु पुल्लिंग है–हिन्दी को उर्दू की हवा लग जाने से वायु स्त्रीलिंग हो गया है । अस्तु यह पवन इतना शक्तिशाली है कि अपने तीव्र झोंकों से ढलानों पर खड़े पुष्ट देवदारु–वृक्षों को भी कम्पायमान कर रहा है, ऐसा एक बार नहीं वह बार बार करता है ! जितनी बार पवन का झटका आता है देवदारु काँपते हैं–"मुहुः कम्पितदेवदारुः" । कांपते हैं शायद उसके स्पर्श से, शायद हिमशीतल जलकणों की शिलीभूत शीतलता से, शायद उसके बलवान झोंकों से, शायद इन सबसे । कवि की सामर्थ्य अनन्त है, कवि की प्रतिभा का अगाध सागर सामने है, पाठक की जितनी क्षमता हो ले लें !

कल्पना कीजिए देवदारु का वृक्ष कोई साधारण कमजोर पौधा नहीं होता । बहुत मज़बूत वृक्ष होता है वह देवदारु जो पर्वत की चट्टानों को फोड़ पृथ्वी के भीतर पांव जमाए सीधा आसमान को छूता खड़ा रहता है ! आसाम की पर्वतमालाओं में देवदारु नहीं है । तभी तो रवीन्द्रनाथ को भागीरथी प्रदेश की याद आयी । भागीरथी बह रही है, पवन भी बह रहा है । हठात् उसके किनारे पर मृगया के श्रम और गर्मी से थके किरातों के झुण्ड आकर विश्राम करते हैं । भागीरथी के जल की शीतलता से भरपूर वह पवन उनके श्रम का अपहरण करता है, स्वेदबिन्दुओं को सुखाता है और शरीर में शीतलता का, शान्ति का संचार करता है । ध्यान दीजिये यह वही वायु है, जिसने अभी हाल ही में देवदारु को हिलाया है, जिसके कठोर स्पर्श से वे अभी तक थरथरा रहे हैं, यहाँ तक कि कवि की शब्द पंक्ति भी कांप रही है–किसी प्रथम प्रणयमीता कोमल वनिता के समान–

"मुहुः कम्पित देवदारुः !" (क्या आप इन पंक्तियों को ठीक से पढ़ पाए !)

वही उद्धत पवन अब कैसे शान्त समर्पित, सेवक के समान किरातों के थके शरीर का उपचार कर रहा है । धीरे–धीरे वह उनके शीर्ष पर सजे इन हलके–फुलके, फूंक मारने से उड़ जाने वाले मोर पंखों को नोच कर तहस–नहस कर सकता है । पर नहीं वह ऐसा नहीं करेगा–क्योंकि मयूर पंख एक तो स्वयं परमात्मा की अत्यन्त कोमल और मृदुल सुन्दर मधुर सृष्टि है, दूसरे वह गोपवेष विष्णु का प्रिय अलंकार भी होता है । कितने प्रेम से मुरली मनोहर उसे अपने शीर्ष पर धारण करते हैं । इस कोमल सौन्दर्य सृष्टि को पवन कैसे अपने कठोर हाथों से छू सकता है । अतः वह बुद्धिमान पवन, अपने जाग्रत विवेक से हल्के से, हौले से किरातों के सिर पर बँधे मोर पंखों को छू भर लेता है–और उनके रेशमी रेशों को किञ्चित् विलग कर देता है । चारुता के सामने नतमस्तक होता हुआ पवन "भिन्नशिखण्डिबर्हः" हो जाता है, और किरातगण आनन्द से उसका सेवन करते हैं । यह वही सिद्धान्त है जिसके अन्तर्गत वनराज सिंह सौन्दर्य प्रतिमा पार्वती का वाहन बनता है ।

एक ही स्थान पर वायु का युगपद अत्यन्त कठोर और अत्यन्त सहृदय कोमल व्यापार कराने वाले कवि की अपनी प्रतिभा कैसी होगी ? काव्य गगन के किन सुदूर क्षितिजों को वह आपस में जोड़ती होगी । स्वतन्त्र चेतना शून्य वायु को भी कवि ने चैतन्य प्राणमय विवेकशील प्राणी बना दिया । इसी प्रतिभा को पहचान कर रवीन्द्रनाथ ने कहा था "कालिदास का काव्य व्यापार उतना ही सूक्ष्म है जितना भागीरथी की वायु के स्पर्श से चिरा हुआ मयूर पंख !" वास्तव में स्थान–स्थान पर कालिदास–काव्य को समझने के लिये अगाध पांडित्य और सूक्ष्म अर्न्तदृष्टि की आवश्यकता होती है–और अनेक स्थलों पर वह अपने ललित कोमल स्पर्श से मन को आनन्द से भर देता है–बशर्ते वह मन सहृदय हो, उसके भीतर कहीं 'हृदय' भी छिपा हो ।

ऐसी अनन्य प्रतिभा के धनी महाकवि कालिदास को आज फिर उनके आषाढ़ के प्रिय प्रथम दिवस हमारी श्रद्धावनत प्रणामाञ्जलि !

('अक्षरा' भोपाल से साभार)

संतूर | अशोक गुप्ता

हिन्दी के जाने माने कथाकार कवि अशोक गुप्ता कई वर्ष कश्मीर रहे और कश्मीरी लेखकों, बुद्धिजीवियों के निकट संपर्क में रहे । व्यवसाय से इंजीनियर हैं और आजकल दिल्ली में लेखनरत हैं–

शिव शर्मा के बाद
अब
भजन सोपोरी बजाते हैं संतूर
बजाते हैं मेरे भीतर
एक भयाक्रांत सन्नाटा
मेरे सिर पर बजाते हैं एक भारी हथौड़ा
और देर तक
दिल्ली
मुझे दिखनी बंद हो जाती है,
"गुल–गुलशन–गुलफ़ाम"
'हैप्पी बर्थ डे' की तर्ज़ पर
गाया गया शोक गीत,
कान में गूंजता है बेतरह शोर
एक चीख
जो चुकने का नाम नहीं लेती,
फ़ेरन के भीतर
पसीने से
भीगने लगती हैं हथेलियां
चक्कर आ जाता है
और थाम लेते हैं मंदिर के पुजारी जी मुझे,
धीरज रखो पंडित जी
धीरज रखो,
नौकरी मिलेगी आपको
आज, नहीं तो कल
आपने देखा नहीं दूरदर्शन ?
मैं लौटता हूं वर्तमान में
सचमुच
अब भजन सोपोरी बजाते हैं संतूर
दिखाता है दूर दर्शन !

(जेए/25ए
लो. इ. ग्रुप फ्लैट्स
मायापुरी, नई दिल्ली–64)

अनुवाद | कला और ज़रूरत

डॉ. शिबन कृष्ण रैणा

कश्मीरी भाषा की रचनाओं को हिंदी में अनूदित करके उन्हें देश में प्रचारित करने में प्रस्तुत लेखक की भूमिका महत्त्वपूर्ण है । इस कार्य के लिए इन्हें कई बार पुरस्कृत किया जा चुका है । हाल ही में राजस्थान साहित्य अकादमी ने इन्हें बंसी निर्दोष की कश्मीरी कहानियों के अनुवाद पर पुरस्कृत किया । प्रस्तुत लेख उसी अवसर पर लिखा गया था । –सं.

अनुवाद शब्द 'अनु' और 'वाद' के योग से बना है । 'अनु' का अर्थ है बाद में या पुनः तथा 'वाद' शब्द 'वद' से व्युत्पन्न है, जिसका अर्थ है कहना । व्युत्पत्तिजनक अर्थ के अनुसार अनुवाद से तात्पर्य है–पुनः कथनी । प्राचीनकाल में सामान्य रूप से की जाने वाली आवृत्ति को अनुवाद कहते थे । व्याख्यात्मक आवृत्ति या पूर्वकथित बात का उल्लेख भी 'अनुवाद' ही कहलाता था । वर्तमान सन्दर्भ में अनुवाद का अर्थ है–एक भाषा में कही हुई बात को दूसरी भाषा में पुनः कहना या लिखना ।

अनुवाद किसी भी भाषा से किसी भी भाषा में किया जा सकता है । बस, शर्त यह है कि अनुवाद करने वाले अर्थात् अनुवादक की दोनों भाषाओं–स्त्रोत–भाषा (जिस भाषा से अनुवाद किया जाता है) तथा लक्ष्य भाषा (जिस भाषा से अनुवाद किया जाता है) के लिखित और व्यवहृत दोनों रूपों की अच्छी बढ़िया श्रेष्ठ जानकारी हो । जानकारी के स्तर के अनुसार ही अनुवाद अच्छा बढ़िया श्रेष्ठ बन पाएगा । अनुवाद का विषय, अनुवाद की भाषा, अनुवाद का क्षेत्र आदि का चयन समय, स्थिति या आवश्यकता के अनुसार होता है । आज जब हमारे देश में हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त हो चुका है तथा सम्पर्क भाषा के रूप में वह विभिन्न प्रदेशों के बीच संप्रेषण, वैचारिक आदान–प्रदान का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है, आवश्यकता इस बात की है कि सभी भारतीय भाषाओं में रचित सरुचिपूर्ण [illegible] श्रेष्ठ साहित्य को हिन्दी अनुवाद द्वारा प्रकाश में लाकर देश में साहित्यिक, सांस्कृतिक आदान–प्रदान का एक सुदृढ़ [illegible] तैयार किया जाए । इस दिशा में सुन्दर प्रयास हुए हैं और हो रहे हैं । वस्तुतः अनुवाद वह साधन है, जिसके द्वारा दो भाषाओं की सांस्कृतिक चेतनाओं, जीवन–पद्धतियों एवं भावधाराओं को एक–दूसरे के निकट लाकर राष्ट्रीय एकता के पुनीत संकल्प को पुष्ट किया जा सकता है । अनेकता में एकता के भाव को चरितार्थ करने में अनुवाद की महती भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता ।

अनुवाद एक मांगलिक कर्म है, जो भारतीय साहित्य की अवधारणा एवं स्मिता को बल प्रदान करता है तथा हमें भारतीय बनाकर क्षेत्रीय संकीर्णताओं से ऊपर उठाता है । देश की साहित्यिक थाती के दर्शन अनुवाद से ही संभव हैं । डॉ. गंगाप्रसाद विमल के शब्दों में–"अनुवाद भारतीय एकता के सन्दर्भ में किया जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण नागरिक कार्य है ।" आज यदि रवीन्द्रनाथ टैगोर, शरत्चन्द्र, सुब्रह्मण्य भारती, महाश्वेता देवी, उमाशंकर जोशी, विजयदान देथा, विमल मित्र, हब्बा खातून, सीताकांत महापात्र आदि प्रादेशिक भाषाओं के यशस्वी रचनाकारी की रचनाएं अनुवाद द्वारा हम तक नहीं पहुंचती, तो भारतीय साहित्य सम्बन्धी हमारा ज्ञान कितना सीमित, क्षुद्र होता इसका सहज ही अनुमान

लगाया जा सकता है । ये ध्यान से देखा जाए तो वेद-पुराण, गीता, रामायण-महाभारत आदि भारतीय वाङ्मय के ज्ञान-गर्भित एवं अनमोल ग्रन्थ भी अनुवाद के जरिए ही सामान्य पाठक के अध्ययन अथवा समझ की पहुंच के भीतर आ सके हैं या आ सकते हैं । तनिक शास्त्रीय दृष्टि से विचार किया जाए तो ज्ञात होगा कि मूल कृति या रचनाकार की सृजन-धर्मिता भी अनुकरण अनुसृजन पर आश्रित रहती है । रचनाकार अपना प्रतिपाद्य प्रकृति इतिहास परिवेश से ही तो छांटता अनुकृत करता है । प्लेटो और अरस्तु का 'अनुकरण सिद्धान्त' जिन्होंने पढ़ा है, वे मेरी बात से सहमत होंगे ।

अनुवाद-कर्म एक दुष्कर कर्म है । इस काम को करने में जो कोफ्त होती है, उसका अन्दाज वही लगा सकते हैं जिन्होंने अनुवाद का कार्य किया हो । कई तरह की समस्याएं इसे मौलिक सृजन से भी बढ़कर एक श्रमसाध्य और कठिन रचना-प्रकिया का रूप प्रदान करती हैं । अनुवादक का काम पर्याय ढूंढना मात्र नहीं है, वह रचना को पाठक के लिए बोधगम्य एवं पठनीय बनाए, यह परमावश्यक है । अपने दीर्घकालीन अनुवाद एवं लेखन अनुभव के आधार पर अनुवाद की समस्याओं को मैं दो वर्गों में बांटता हूं । 1. शब्दगत समस्या, 2. अर्थगत समस्या । शब्दगत समस्या के अन्तर्गत रूढ़-प्रयोगों, मुहावरों, कहावतों, बिम्बों, प्रतीकों, नाम-वाचक संज्ञाओं आदि के अनुवाद की समस्याएं आती हैं । अर्थगत समस्या अपेक्षाकृत अधिक जटिल समस्या है । दरअसल, हर भाषा का अपना एक अलग मिज़ाज होता है, अपनी एक अलग प्रकृति होती है । यह मिज़ाज/प्रकृति वह अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं से प्राप्त करती है । अनुवाद-कार्य में इस सांस्कृतिक परम्परा/दाय को अपनी पूरी स्वाभाविकता, मौलिकता एवं सहजता के साथ दूसरी भाषा में रूपान्तरित करना सरल नहीं है । अनुवादक को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है, जिन्हें अर्थगत समस्या के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है । ये समस्याएं हैं-संस्कृति के विशिष्ट एवं निजत्व-प्रधान उपादानों, स्थानीय प्रसंगों, ऐतिहासिक सन्दर्भों, भौगोलिक एवं परिवेश-जन्य पदार्थों, यथा वनस्पति, खान-पान, वेशभूषा सम्बन्धी शब्दावली के अनुवाद की समस्या ।

पूर्व में कहा जा चुका है कि अनुवाद-कर्म एक अति श्रमसाध्य कर्म है । इस कार्य से मैं पिछले तीन दशकों से व्यवहारिक रूप से जुड़ा हुआ हूं । अनुवाद के सम्बन्ध में मेरी व्यक्तिगत मान्यता है कि वह मूल रचना का अनुकरण-मात्र नहीं, पुनर्सृजन या पुनर्जन्म होता है । वह द्वितीय श्रेणी का लेखन नहीं, मूल के बराबर का ही दमदार प्रयास है । सुन्दर, सरस, प्रभावशाली तथा पठनीय अनुवाद के लिए यह आवश्यक है कि अनुवादक भाषा-प्रवाह को कायम रखने के लिए, स्थानीय बिम्बों व रुढ़-प्रयोगों को बोध-गम्य बनाने के लिए तथा वर्ण्य-विषय को अधिक हृदयग्राही बनाने हेतु मूल रचना में आटे में नमक समान फेर-बदल करे । यह कार्य वह लम्बे-लम्बे वाक्यों को तोड़कर, उनमें संगति बिठाने के लिए अपनी ओर से दो-एक शब्द जोड़कर तथा अर्थ के बदले आशय पर अधिक ध्यान देकर, कर सकता है । ऐसा न करने पर अनुवाद 'अनुवाद' न होकर मात्र सरलार्थ बनकर रह जाता है । साहित्यिक अनुवाद तभी अच्छे लगते हैं जब अनुवादित रचना अपने आप में एक 'रचना' का दर्जा प्राप्त करे । यहां पर मैं यह रेखांकित करना चाहूंगा कि अच्छे अनुवादक के लिए स्वयं एक अच्छा लेखक होना बहुत जरूरी है । अच्छा लेखक होना उसे एक अच्छा अनुवादक बनाता है और अच्छा अनुवादक होना उसे एक अच्छा लेखक बनाता है । दोनों एक-दूसरे के पूरक है, पोषक हैं ।

(2/537, अरावली विहार,
अलवर-310001 (राजस्थान)

दो कविताएं

महाराज कृष्ण 'भरत'

'भरत' को हाल ही में उनके कविता संकलन 'फिरन में छिपाए तरंगा' पर पुरस्कृत किया गया । आजकल "जे वी जी टाइम्स" (हिन्दी) के उप संपादक हैं और आतंकवादी प्रभावित कश्मीर को कविता में कैसी साहित्यिक अभिव्यक्ति मिली इस विषय पर शोध कर रहे हैं ।

कविता अकेली हो गई

अब मैं
अपनी कविता
किसे सुनाऊं ।
पहले मेरी कविता
सुनने के लिए
मेरे पास होते थे
मेरे पहाड़
और आज
पहाड़ के नीचे
दब गई है
कविता की चीख ।
मेरी कविता
मेरी तरह
अकेली हो गई है ।

समाचार

तप तप कर
तपाया
जिसने कहवा
"समावार" में
उसे ही
चुस्कियां ले ले
निगल गया
आदमखोर
दालचीनी
पिस्ते और
बादाम की तरह

(2972/1 गली नं. 12
रणजीत नगर, नई दिल्ली–8)

सौदेबाज़ी | त्रिलोकी नाथ पेशिन

दहेज की समस्या उतनी ही पुरानी है, जितना हमारा समाज । समाज के शुभचिंतक समय–समय पर इस समस्या को हल करने पर ज़ोर देते हैं । पर हमें यह भी देखना चाहिए कि इस समस्या का हल हमारे पास ही है–मेरे पास है, आपके पास है । केवल समझ का फेर है । आज मैं इस ओर आंखें बंद कर सकता हूं, पर कल मैं चाहूंगा कि यह प्रथा बंद हो । लेखन ने सच्ची अनुभूति के साथ अपील की है कि अव तक न सही, अब तो हम जाग जाएं । श्री पिशन कश्मीरी पंडित सभा, जम्मू के पूर्व अध्यक्ष हैं ।

कश्मीर भारत की मूल संस्कृति का केन्द्र रहा है ! हमारे शास्त्रों में कहा गया है–"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता : ।" अर्थात् जहां नारी शक्ति का आदर होता वहां देवता निवास करते हैं । आप पूछ सकते हैं कि महिलाओं का सम्मान क्यों होना चाहिए ? उत्तर सरल है–नारी हम सब की, पुरुषों की भी, माता है । वह मातृशक्ति है, वह संसार की स्रष्टा है । यदि नारी में सहनशीलता, धैर्य, सन्तोष, निस्वार्थ प्रेम स्नेह, यथार्थ शिक्षा आदि उत्तम गुण हों तो घर एक मन्दिर बनता है, एक स्वर्ग बनता है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति शान्त और सुखद वातावरण का अनुभव करता है । यदि नारी असन्तुष्ट, धैर्यहीन, स्वार्थी और क्रोधी हो तो घर श्मशान बनता है, नरक बन जाता है ।

कश्मीरी हिन्दू समाज के सदस्यगण ! क्या आप उपरिलिखित बात से सहमत होकर यह महसूस नहीं करते कि एक धैर्य युक्त, निःस्वार्थ, स्नेही कुलवधू अपने में एक अत्युत्तम प्रभु–प्रेषित वरदान है ?

इस युग में लड़के सुशिक्षित हैं । समान रूप से लड़कियां भी सुशिक्षित हैं । अपने बेटे के विवाह के समय यदि हम दहेज मांगते हैं तो इसका मतलब यही है कि हम अपने लख्ते जिगर की बोली लगाते हैं, उसको किन्हीं चीज़ों अथवा किसी रकम के बदले बेचते हैं और हमें ज़रा भी खेद नहीं होता, लज्जा नहीं आती । आइए, अपने समाज के भाग्य को संवारने में, इसकी बिगड़ी बनाने में, हम अपना रचनात्मक भाग जोड़ दें । आखिर हम सब अपनी बरादरी के ऋणी हैं । आइए, हम मिलकर इसे दूसरों के लिए एक आदर्श बनायें ।

मेरी बरादरी के नवयुवको ! आप ही भविष्य के लिए हमारी आशा हो । उन्नति और स्वतंत्रता के इस युग में अपेना जीवन साथी चुनते समय आप अपने माता–पिता से कहते हो कि विवाह से पहले आप लड़की को देखना चाहते हैं । वे एक दम आप की बात मान जाते हैं । इसी प्रकार यदि आप उन से प्रार्थना करोगे कि आप लड़की के मां–बाप से कुछ भी दहेज नहीं लेना चाहते, यदि आपको आत्मविश्वास हो कि आप अपने परिश्रम की कमाई से ही अपना घर चला सकते हो, तो आपके माता–पिता आपकी प्रार्थना को सहर्ष स्वाकीर करेंगे । नतीजा यह होगा कि आप दहेज के कैन्सर को समाप्त करने के लिए अपना योगदान देने में समर्थ बन जाओगे ।

नवयुवको ! अगर आप अपने माता–पिता को समझा सकते हैं कि आप कुछ चीज़ों अथवा किसी रकम के बदले अपने को कदापि बेचना नहीं चाहते तो निश्चित है कि वे आप पर गर्व करेंगे और आप शादी बना सकेंगे न कि सौदेबाजी ।

आने वाले दिनों में हमारी बरान्री में शादियां रचाने के शुभ मुहूर्त हैं । मैं सम्बंधित माता–पिता, पुत्र तथा पुत्रियों से विनम्र किन्तु आग्रहपूर्वक अनुरोध करता हूं कि वे इस महान कार्य में अपना योगदान दें, जिस से नव–विवाहित वर–वधू, उनके माता–पिता और हमारी सारी बरादरी चिर काल तक शादी की शादी (खुशी) का अनुभव कर सकें, लड़कियां अपने नए परिवार में लक्ष्मी बन व. . जाएं और लड़के श्री राम–श्री कृष्ण की तरह अपने माता–पिता तथा समाज के प्रति कर्तव्यशील प्रमाणित हो सकें ।

उत्कृष्ट शुभ कामनाओं के साथ, मैं आपके निर्णय की प्रतीक्षा करता रहूँगा ।

ग़ज़ल

प्यारे हताश

अपना है कश्मीर लिखते रहना
ख़्वाबों की ताबीर, लिखते रहना ॥
अपना है इतिहास बहुत पुराना
कल्हण की तस्वीर, लिखते रहना ॥
यहां पराया कौन, धरती सारी
अपनी है जागीर, लिखते रहना ॥
कल था अपना घर, आज हैं बेघर
कैसी है तकदीर, लिखते रहना ॥
यादों की बारात जब आती है
दिल में उतरते तीर, लिखते रहना ॥
सब से आखिर, ऐसा क्यों कहते हो
सब से हम हैं मीर, लिखते रहना ॥
घूम, शहर में फिरते कौन हैं कातिल
हाथों में शमशीर, लिखते रहना ॥
इस धरती के ऊपर एक नया घर
करना है तामीर, लिखते रहना ॥
प्रेम-प्यार-मुहब्बत, तुम क्या जानो
हूं 'रांझे' की 'हीर' लिखते रहना ॥
किन-किन यादों में 'हताश' खोया है
आज बहुत दिलगीर, लिखते रहना ।

एक संदेश

पृथ्वी नाथ लिद्दू (सोपोरी)

विस्थापन ने हमें संताप और दुख देकर हमारे मन को आलोड़ित किया । एक परिणाम यह भी हुआ कि मन संवेदनशील हो उठे और पहली बार कई हाथों ने कलम उठाई । अवकाश प्राप्त प्रिंसिपल लिद्दू की प्रस्तुत कविता में उनके मन के आवेग देखिए, कविता–कौशल नहीं । – सं.

प्यारा भारतवर्ष हमारा है ।
तिरंगा झंडा लहराता है ॥
भारतीयों को पुकारता है ।
कश्यपों को सराहता हैं ॥
गाँधी का यह प्यारा है ।
नेहरू की आँख का तारा है ।
कश्यपों को इसका सहारा है ।
अहिंसा का यह भंडार है ॥
सुभाष के प्रण का विचार है ।
गाँधी के सिद्धान्तों का प्रचार है ॥
राजीव की वीरता का संचार है ।
इन्द्रा की दृढ़ता का सदाचार है ॥
कश्मीर भारत का ताज है ।
वितस्ता का यहां राज है ॥
मानवता का यहां राग है ।
फूलों का यहाँ पराग है ॥
उग्रवादियों को देते यहाँ मान हैं ।
अनाथ विधवाओं को सम्मान नहीं ॥
विस्थापितों को यहाँ विश्वास नहीं ।
पीड़ित हृदय को यहाँ उपचार नहीं ।
कैसे करें आतंकवादी पर विश्वास ।
असहाय कश्यपों का हुआ प्रवास ॥
यद्यपि सारा भारत हुआ स्वतंत्र ।
पर कश्यपों के लिए है षडयंत्र ॥
कश्यप है स्वतंत्रता में भी परतन्त्र ।

(सी 11/वाई–1 मि. इ. ग्रुप फ्लैट्स
डी.डी.ए. फ्लैट्स
दिलशाद गार्डन, दिल्ली–95)

नई कलम

निबन्ध

परेशान कौन ?

सुनीता भान

मन के भाव जैसे उठते हैं, वैसे ही कागज़ पर उतारे जाएं तो निबंध बनता है । पर भाषा पर अधिकार होना चाहिए और लिखने का अभ्यास । भाषा पढ़ने और बोलने से आती है, लिखने की एक ही कुंजी है—अभ्यास । प्रस्तुत निबंध लेखिका के मासूम भावों की यथावत अभिव्यक्ति है जो अभ्यास से सुंदरतर हो सकती है । —सं.

लोग तो कहते हैं बड़े—बड़े महलों में झांको तो तुम्हारी आंखों में दहशत के जंगल नज़र आएंगे ।

महलों के अन्दर देखोगे तो पता चलेगा कि कैसे सौदाबाज़ी, रिशवतखोरी हो रही है ।

पर, पर जो मैंने देखा वह मैं कैसे बयान करूं यह तो मेरी समझ में नहीं आ रहा है । लेकिन जो मैंने देखा वह मैं लिख के रहूँगी । मेरे मन में उठ रहे इस तूफान को मैं बयान करके रहूँगी ।

चाहे कोई माने या न माने मैं तो इसकी व्याख्या करती रहूँगी ।

जो मेरी आंखों ने देखा वह एक हकीकत है । जो मेरे कानों ने सुना वह एक सच है ।

क्या, क्या महलों में रहने वाले सचमुच खुश होते हैं ? क्या, क्या महल में रहने वाले परेशान नहीं होते है ? क्या, क्या महलों में रहने वाले महलों में रहकर ऐश कर रहे होते हैं ? क्या, क्या उन्हें ऐसा लगता है कि वे स्वर्ग में हैं ?

नहीं, नहीं, नहीं, नहीं । नहीं हमारा यह अनुभव सच नहीं है । हमारा यह विचार गलत है । हमारा यह समझना, सुनना,-देखना, सब गलत है ऐसा नहीं है लोगों, हमारा यह संदेश गलत है मुझे तो लगता है, कि महलों में रहने वाले हमसे भी ज्यादा परेशान होते है ।

हम तो परेशान होकर ऊँची आवाज़ मे रो सकते हैं । पर, वह लोग तो उफ भी नहीं कर सकते । हम तो अपने नुकसान की सरकार से फरियाद कर सकते है पर, वे लोग अपनी झूठी शान में वैराग्य भी नहीं ले सकते ।

वह तो बरसात में हमारी तरह सिर पर मोमी लिफाफा रखकर चल भी नहीं सकते । और न ही हमारी तरह रास्ते में चलते हुए किसी खेल का मज़ा ले सकते है । हम तो रिश्तेदारों, दोस्तों के सामने अपने दुःख का इज़हार भी कर सकते हैं । पर, महल में रहने वालों को अन्दर से ही सड़ना पड़ता है । उनकी घुटन उन्हें अन्दर से ही खा रही होती है, यही सच है । नहीं तो ऐसा क्यों होता, कि बड़े लोगों को ज्यादातर दिल के दौरे क्यों पड़ते हैं । जबकि उनके पास अन्न, धन, खाने, पीने आदि के सभी साधन होते हैं । रहने के लिए महल, काम करने के लिए नौकर चाकर होते हैं । फिर भी उन्हें ऐसे दौरे क्यों पड़ते हैं । आप ही सोचें महल में रहने वालों को ऐसी बड़ी बड़ी बीमीरियाँ क्यों होती हैं ।

इसीलिए कहती हूं महलों में रहने वाले खुश नहीं होते । आप लोग उन्हें संदेह की नज़रों से नहीं देखो और न ही ऐसी कल्पना किया करो कि काश हमारे पास भी महल होता, क्योंकि बड़ी चीज़ पाकर तो बड़े दुःख भी होते हैं, क्योंकि महलों में रहने वाले खुश नहीं होते ।

महलों में रहने वालों के बच्चों को ज्यादा धन होने की वजह से दसवीं पास करके ही ट्रेनिंग के सिलसिले में अपने माँ, बाप से दूर जाना पड़ता है । और तब से ही उनके माँ बाप को अपने बच्चे के प्यार से वंचित होना पड़ता है ।

बाहर से तो ट्रेनिंग की खुशी होती है पर अन्दर से उनको बच्चे की विदाई से दुःख भी होता है । घर में नौकर होने की वजह से पति अपनी पत्नी की बनी हुई चाय या रोटी का मज़ा नहीं ले सकते । बच्चे अपनी माँ का स्नेह भरा वह प्यार पा नहीं सकते । ज्यादा कमरें होने की वजह से वह महल वालों का परिवार हमारी तरह एक ही कमरें में रहकर बातचीत अर्थात किसी भी मुद्दे को लेकर उसका समाधान नहीं कर सकते । यहां तक कि उन लोगों को अपने बच्चे की उन्नति पर उस को उत्साह देने का मौका नहीं मिलता अतः उन लोगों के बच्चे उत्तीर्ण होने की खुशी प्रकट नहीं कर सकते ।

महल में रहने वालों के बच्चे नशे के शिकार हो जाते हैं इसीलिए कहती हूं महल में रहने वाले खुश नहीं होते ।

वह तो बाहर से कुछ और भीतर से कुछ और होते हैं ।

सुनीता भान
(सुपुत्री श्री एच.एन. भट्ट
मकान नं. 306 तमहाल बोहड़ी, जम्मू –180002)

'मेरा जीवन' | ललिता बादाम

(यह स्तंभ हमारे नए कलमकारों के लिए है । कविता कहानी के साथ लेखक का पूरा पता होना चाहिए –सं.)

मेरा जीवन, मेरा जीवन,
भरी समस्याओं वाला जीवन ।
बालपन में पाला पड़ा घोर अध्ययन से
आज झोंक दिया
संघर्षमय जीवन में ।
सात्त्विकता और संघर्ष से ही
बनाऊँगी मैं सुनहरी जीवन,
यह है मेरा दृढ़ निश्चय
भारतीय नारी का है यह संकल्प,
संघर्ष करे वह सारा जीवन,
जिससे हो सफल सात्विक जीवन
और हो अपना भारत उज्जवल ।
मेरा जीवन, मेरा जीवन ।

चिट्ठी पत्री

चलेगी यह पत्रिका ?

जब आपने 'कश्यप समाचार' को 'क्षीर भवानी टाइम्स' बनाया तो हम समझे थे कि अब अंग्रेजी की 'टाइम्स' वाली दुम लगाकर आप इस पत्रिका को नियमित बनाएंगे । पर ऐसा नहीं हुआ और यह लंगड़ाते ही चली । अब आप का क्या प्रोग्राम है ? चलेगी यह पत्रिका या बंद कर रहे हैं ? **–मोहन कृष्ण कौल, गांधीनगर, जम्मू ।**

मेयार (स्तर) बनाए रखे

"..................जम्मू में ज्यादा विस्थापित बसते हैं । इस वजह से वहां से रिसाला निकालना आसान है–कम अज कम लिखारियों की कमी नहीं । आप ने इसी वजह से अपना मेयार भी ऊंचा रखा है । हिन्दी और कश्मीरी के हिस्से बेशक अच्छे मेयार के हैं । बनाये रखें ...." **–इकबाल नाथ, पंपोश नगर, दिल्ली ।**

सब की ज़िम्मेदारी

कश्मीरी लोगों की आवाज़ को आप उठाते हैं, लेकिन इस में एक कमी है उस की तरफ आप को ध्यान देना चाहिए । जब तक 'क्षीर भवानी' हमारे पास पहुंचती है, समाचार पुराना पड़ा होता है । समय पर आप नहीं निकाल सकते ? अगर पैसे की कमी है तो अपील छापिए । जम्मू में बड़े पैसे वाले कश्मीरी रहते हैं । बड़ी–बड़ी बातें करते हैं, जलूसों जलसों में जाते हैं, खूव उपदेश देते हैं । वे कभी कभार, दो तीन महीने में एक बार भी दो तीन सौ रुपये नहीं दे सकते ? मेरे विचार में आप मांगेगे तो ज़रूर देंगे । फिर आप भी थोड़ी मेहनत कीजिए । ग्राहक बढ़ाइए । इतना आपको याद रखना चाहिए कि इस पत्रिका की ज़रूरत अब पहले से ज्यादा है । आप इसको बंद नहीं कर सकते । सभा सब पंडितों की है । सब का इस पर हक़ है । पर सब को इसके ठीक चलते रहने के लिए कुछ करना भी चाहिए । यह सिर्फ प्रेज़िडेंट या एडीटर की ज़िम्मेवारी नहीं । **–कृष्णा भट, मुट्ठी, जम्मू ।**

नए अध्यक्ष को सहयोग दें

मैं सभा के नए अध्यक्ष पं. त्रिलोकीनाथ खोसा को उनके दूसरी बार चुने जाने पर बधाई देता हूं । हालांकि मैं सभा का सदस्य नहीं हूं,पर मैंने अपने उन मित्रों से, जो हैं, सुना है कि श्री खोसा ने अपना समय तथा शक्ति दोनों लगाकर सभा की नींव भी दृढ़ बनाई तथा इसे कश्मीरी पंडितों को एक प्रभावशाली आवाज़ भी बनाया है । यह सभा यद्यपि एक सामाजिक–धार्मिक संस्था है, पर इस को अब राज्य के राजनीतिक क्षेत्रों में भी इज़्ज़त मिली है और इसे सुना समझा जाता है । हमारे बच्चों को बाहर के कालेजों में प्रवेश दिलाने तथा उनके लिए देश विदेश से कुछ आर्थिक सहायता जुटाने के लिए भी सभा कोशिश कर रही है, यह संतोष की बात है । मैं जम्मूवासी तमाम पंडित बरादरी से अपील करता हूं कि सभा को सहयोग दें । और इस प्रकार अपने प्राण और मान की सुरक्षा को निश्चित करें ।

–द्वारका नाथ, त्रिकुटा नगर, जम्मू ।

अभ्यास करूंगा

